# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

## जनसंपर्क कार्यालय
## PUBLIC RELATIONS OFFICE

आज़ादी का अमृत महोत्सव


### हिंदी विश्वविद्यालय में भाषा, साहित्य एवं संस्कृति विषय पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला सोमवार से
### अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा अध्ययन विभाग एवं भारतीय भाषा विभाग का आयोजन

वर्धा, 08 सितंबर 2024: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा अध्ययन विभाग एवं भारतीय भाषा विभाग की ओर से भाषा, साहित्य एवं संस्कृति विषय पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला सोमवार से आयोजित है। 9 से 13 सितंबर तक आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन सोमवार, 9 सितंबर को कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में भाषा विद्यापीठ के कक्ष संख्या 2 में पूर्वाह्न 10 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रास्ताविक एवं स्वागत




वक्तव्य भाषा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार देंगे। संचालन सहायक प्रोफेसर मैत्रेयी करेंगी तथा सहायक प्रोफेसर डॉ. रवि कुमार आभार ज्ञापित करेंगे। उद्घाटन सत्र के बाद चीनी भाषा पर आधारित विमर्श में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी की सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. अदिति झा बीज वक्तव्य देंगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिर्बान घोष करेंगे। 12 बजे से स्पेनिश भाषा पर आधारित विमर्श में बाह्य विषय विशेषज्ञ के रूप में जेएनयू नई दिल्ली के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ गौरव कुमार संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रवि कुमार करेंगे। 10 सितंबर को 10 बजे से स्पेनिश एवं चीनी भाषाओं पर विमर्श होगा जिसमें जेएनयू के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. अपराजित चटोपाध्याय स्पेनिश पर तथा जेएनयू के डॉ. राकेश कुमार चीनी भाषा पर विचार रखेंगे। 11 सितंबर को जापानी और चीनी भाषाओं पर विमर्श में दिल्ली विश्वविद्यालय के उनिता सच्चिदानंद और जापान फाउंडेशन विदेश मंत्रालय जापान की जापानी भाषा सलाहकार चियाकी सुजुकी जापानी भाषा पर तथा दिल्ली विश्वविद्यालय, पूर्व एशिया अध्ययन विभाग की श्रीपर्णा राय वक्तव्य देंगी। संचालन इंद्रजीत मिश्रा व डॉ सन्मति जैन करेंगे। 12 सितंबर को उर्दू एवं फ्रांसीसी भाषाओं पर विमर्श में मुंबई विश्वविद्यालय के डॉ. अब्दुल्ला इम्तियाज, दिल्ली विश्वविद्यालय के मिथुन कुमार, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रयास चतुर्वेदी वक्तव्य देंगे। संचालन डॉ. हिमांशु शेखर एवं डॉ. संदीप कुमार करेंगे।13 सितंबर को अंग्रेजी एवं फ्रांसीसी भाषाओं पर विमर्श में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के अजय कुमार शुक्ल, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की अर्चना कुमार अंग्रेजी पर तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय नई दिल्ली की दीपान्विता श्रीवास्तव वक्तव्य देंगी। संचालन मैत्रेयी एवं डॉ. संदीप कुमार करेंगे।कार्यशाला का समापन कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में दोपहर 4:00 बजे होगा जिसमें विशेष वक्ता के रूप में ग्वांगडोंग विदेशी विश्वविद्यालय चीन के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. तियान ख पिंग संबोधित करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील कार्यक्रम का धन्यवाद वक्तव्यों देंगे तथा संचालन डॉ. रवि कुमार करेंगे।

---


पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305